न्यायालय उपखण्ड अधिकारी(राजस्व), श्रीकरणपुर

पीठासीन अधिकारी : श्री मती रीना छिम्पा {आर.ए.एस.}

प्रकरण संख्या : 54/2019

सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी 36एच नग्गी तहसील श्री करणपुर।

--वादी--

बनाम

राजस्थान राज्य जरिए तहसीलदार श्री करणपुर।

--प्रतिवादी --

अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर (श्री गंगानगर)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 88 आरटीए,136 एलआरएक्ट

--निर्णय--

दिनांक : 19/8/2019

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने वाद पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि चक 36एच नग्गी की जमाबन्दी सम्वत 2071 ता 74 के खाता स. 100/108 के मु.न. 59 में कुल 2.971 हैक्टर बारानी नहरी भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। उक्त जमाबन्दी में वादी के नाम उक्त रकबा जरिए बंटवारानामा इन्तकाल संख्या 217 सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। वादी का वास्तविक नाम सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति जाट निवासी 36 एच नग्गी तहसील श्री करणपुर है। वादी के राशन कार्ड संख्या 1025, आधार कार्ड नम्बर 681949235722, मूल निवास प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र संख्या यूएसएफ/0793067, माध्यमिक परीक्षा 2011 की अंकतालिका व विधान सभा क्षेत्र की नामावली में नाम अमित कुमार अंकित है। उक्त जमाबन्दी में वादी का नाम सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल दर्ज है। अन्य तमाम दस्तावेज में अमित कुमार पुत्र कन्हैयालाल होने के कारण वादी को हर समय भारी परेशानी का सामना करना पडता है। संबधित विभाग में अपने दो नाम होने के सम्बन्ध में एवं अपनी पहचान बाबत शपथ पत्र प्रस्तुत करना पडता है। इस कारण वादी का उक्त जमाबन्दी में अपना नाम सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल घोषित करवाना चाहता है। वादी ने इस सम्बन्ध में राजस्व कैम्प 36 एच नग्गी में लिखित वाद पत्र प्रस्तुत कर संशोधित करवाना चाहा तो तहसीलदार साहब द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष उक्त वाद पत्र प्रस्तुत करने की हिदायत दी। जिस पर उक्त वाद पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त वाद पत्र में राज्य सरकार से अनुतोष चाहा गया है। वाद पत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार में है जो पूर्ण कोर्ट फीस पर अन्दर मियाद पेश है। अतः वाद पत्र पेश कर निवेदन है कि चक 36एच नग्गी की जमाबन्दी सम्वत 2071 ता 74 के खाता स. 100/108 के मु.न. 59 में कुल 2.971 हैक्टर बारानी नहरी भूमि रकबा के सम्बन्ध में जमाबन्दी में वादी का नाम सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल के स्थान पर सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति जाट निवासी 36 एच नग्गी तहसील श्री करणपुर घोषित किये जाने के आदेश दिये जावे।

वाद पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी को जरिए सम्मन तलब किया गया। राजपैरोकार के द्वारा जवाब स्टेट पेश किया गया।

बहस सुनी गई प्रार्थी अधिवक्ता ने बहस में वाद पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए, वाद पत्र स्वीकार हेतु निवेदन किया।

बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। वादी के द्वारा चक 36एच नग्गी की जमाबन्दी सम्वत 2071 ता 74 के खाता स. 100/108 के मु.न. 59 में कुल 2.971 हैक्टर बारानी नहरी भूमि रकबा के सम्बन्ध में जमाबन्दी में वादी का नाम सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल के स्थान पर सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति जाट निवासी 36 एच नग्गी तहसील श्री करणपुर अंकित किए जाने बाबत निवेदन किया है प्रार्थी के पहचान सम्बन्धी दस्तावेज

Reeni

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व
श्रीकरणपुर (श्री गंगानगर)

Scanned by CamScanner

मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका, विधानसभा क्षेत्र श्री करणपुर की नामावली में नाम अमित कुमार पुत्र कन्हैया अंकित है। जमाबन्दी में नाम सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल अंकित है। वादी का वादपत्र स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त तथ्यो के विवेचन एवं पत्रावली में साक्ष्य सबूत के आधार पर वादी का वादपत्र स्वीकार किया जाकर चक 36एच नग्गी की जमाबन्दी सम्वत 2071 ता 74 के खाता स. 100/108 के मु.न. 59 में कुल 2.971 हैक्टर बारानी नहरी भूमि रकबा के सम्बन्ध में जमाबन्दी में वादी का नाम सनोज कुमार पुत्र कन्हैया लाल के स्थान पर सनोज कुमार उर्फ अमित कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति जाट निवासी 36 एच नग्गी तहसील श्री करणपुर अंकित किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। इस खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुतर रहेगे। पर्चा डिक्री इस आश्य का जारी हो। पत्रावली निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 19/8/2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

{श्री मती रीना छिम्पा आर.ए.एस.}
उपखण्ड अधिकारी {राजस्व}
श्रीकरणपुर {जिला श्रीगंगानगर

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर (श्री गंगानगर)

Scanned by CamScanner